साई सद्गुरु के रूप में आया

साई सद्गुरु के रूप में आया,
साई भक्तो के मन में समाया,
सारी दुनिया में ज्ञान बरसाया,
साई भक्तो के मन में समाया,

सब का मालिक है एक मेरे बाबा कहे,
एक परिवार जैसे सब मिल के रहे,
नया पैगाम सब को सुनाया
साई भक्तो के मन में समाया,

जैसी जो भावना साई वैसा लगे,
साई माता पिता बंधू जैसा लगे,
भेद साई का कोई न पाया,
साई भक्तो के मन में समाया,

कोई छोटा बड़ा नहीं साई के दर,
मेरे बाबा की सब पर बराबर नजर,
अपने दिल में सभी को वसाया,
साई भक्तो के मन में समाया,

साई धुनि में सबकी विपता जले,
साई भिभूति से जीवन बगइयाँ खिले,
साई खुशियों के उपकार लाया,
साई भक्तो के मन में समाया,

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/8628/title/sai-sadguru-ke-roop--me-aya-sai-bhakto-ke-man-me-samaya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |